**Need to provide adequate DAP to farmers in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid**

**श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) :** आज देश का किसान बहुत परेशान हैं । वर्तमान में गेंहू व अन्य रबी की फसलों की बुवाई चल रही है । एसे में पूरे प्रदेश सहित मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के जनपद श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर में, जो उत्तर प्रदेश का अति पिछड़ा आकांक्षी जनपद है जहां पर गेहूं की बुआई के लिए किसानों को डी.ए.पी. खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है । किसानों को डी.ए.पी. खाद के लिए सहकारी समितियों पर कई-कई दिनों तक लगातार लाइन में खड़े रहने के बावजूद भी उन्हें खाद नही मिल रहा है । घंटो इंतेजार के बाद भी उन्हे खाली हाथ मायूस होकर लौटना पड़ रहा है । जिससे बुवाई के लिए खेत तैयार कर चुके किसान बहुत परेशान है । अतः आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मांग के अनुरूप पर्याप्त डीएपी खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए जिससे किसान गेहूं व अन्य रबी की फसलों की बुवाई समय पर कर सके ।